English	Hindi
Collecting and storing customer information in COVID-19	**COVID-19 के दौरान ग्राहकों से संबंधित जानकारी एकत्र और संग्रहीत करना**
As a business owner, you may need to request the personal information of customers to help ACT Health workers find people who have visited your business if someone who works for you or one of your customers tests positive for COVID-19.	एक व्यवसाय के मालिक के रूप में आपको अपने व्यवसाय में आए लोगों से व्यक्तिगत जानकारी देने के लिए निवेदन करने की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि आपके लिए काम करने वाले किसी व्यक्ति या आपके किसी ग्राहक की COVID-19 जाँच सकारात्मक निकलने पर उसकी खोज करने में ACT Health के कार्यकर्ताओं को इससे सहायता मिलेगी।
This guideline will help you manage the privacy of customers' personal information in a way that meets privacy law and good privacy practice.	यह दिशा-निर्देश आपको ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का प्रबंधन करने में सहायता देगा, ताकि गोपनीयता कानून और अच्छी गोपनीयता-कार्यप्रथा का अनुपालन किया जा सके।
Collecting and storing information about customers is something many businesses already do. For example, businesses store and collect information when taking bookings, fulfilling orders, taking payments and confirming appointments.	पहले से ही कई व्यवसाय ग्राहकों के बारे में जानकारी को एकत्र और संग्रहीत करते आ रहे हैं। उदाहरण के लिए, बुकिंग करते समय, ऑर्डर पूरे करते समय, भुगतान लेते समय और एपॉइंटमेंटों की पुष्टि करते समय व्यवसाय जानकारी एकत्र और संग्रहीत करते हैं।
If you provide a health service or your business has an annual turnover of more than $3 million per year, you must comply with the Privacy Act 1988 (Cth) in the way that information is collected, used and disclosed. For more information please contact the Office of the Australian Information Commissioner: www.OAIC.gov.au	यदि आप स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते/करती हैं या आपके व्यवसाय का वार्षिक कारोबार $3 मिलियन से अधिक है, तो जानकारी को एकत्र, प्रयोग और प्रकट करते समय आपको Privacy Act 1988 (Cth) का अनुपालन करने की आवश्यकता होगी। और अधिक जानकारी के लिए कृपया Office of the Australian Information Commissioner से संपर्क करें: www.OAIC.gov.au।
Even if your business is not covered by the Privacy Act, it is good privacy practice to tell people why you are asking for the information, who will have access to it, how it will be kept safe and make sure you stick to those rules.	यदि आपका व्यवसाय Privacy Act के तहत नहीं आता है, तो भी लोगों को यह बताना एक अच्छी गोपनीयता कार्यप्रथा है कि आप जानकारी क्यों मांग रहे/रही हैं, यह किसे सुलभ होगी, इसे सुरक्षित कैसे रखा जाएगा तथा आपको इन नियमों की निकटता से अनुपालना सुनिश्चित करनी होगा।

Requirement to ask for contact information	**संपर्क जानकारी के लिए पूछने की आवश्यकता**
During the declared COVID-19 emergency, the ACT Chief Health Officer has powers under the Public Health Act (1997) to make any directions necessary to assist in containing, or responding to, the spread of COVID-19 within the community.	COVID-19 के उद्घोषित आपातकाल के दौरान ACT Chief Health Officer के पास Public Health Act (1997) के तहत समुदाय में COVID-19 के फैलाव को रोकने या इसका प्रत्युत्तर देने के लिए आवश्यक कोई भी निर्देश देने की शक्तियाँ निहित हैं।
These directions may be updated as the situation changes. The Public Health (Emergency) Directions can be found at https://legislation.act.gov.au/ni/2020-153/.	परिस्थिति बदलते ही इन दिशा-निर्देशों को अपडेट किया जा सकता है। Public Health (Emergency) Directions वेबसाइट https://legislation.act.gov.au/ni/2020-153/ पर देखे जा सकते हैं।
Under the Chief Health Officer's Public Health Directions, some businesses now need to request contact information from their customers, for use in contact tracing.	Chief Health Officer's Public Health Directions के तहत अब कुछ व्यवसायों को संपर्क अनुरेखण में उपयोग के उद्देश्य से अपने ग्राहकों से संपर्क जानकारी के लिए निवेदन करने की आवश्यकता है।
As of (11.59pm, 29 May 2020) businesses in the ACT that need to request the first name and contact number of every patron or attendee (including those under 18 years of age) include:	29 मई 2020 की रात 11.59बजे से ACT में व्यवसायों को प्रत्येक सेवार्थी या उपस्थित ग्राहक (18 वर्ष से कम आयु के लोगों समेत) से उनका प्रथम नाम और संपर्क नंबर उपलब्ध कराने के लिए निवेदन करने की आवश्यकता है। इन व्यवसायों में शामिल हैं:
• restaurants, cafés and other hospitality venues • gyms, health clubs, fitness or wellness centres • yoga, barre, pilates and spin facilities • boot camps and personal trainers • auction houses • real estate auctions, display homes and open house inspections • funerals and wedding ceremonies • nail salons, beauty therapy, tanning and waxing services • tattoo and body modification parlours; and • day spas and non-therapeutic massage services.	• रेस्तरां, कैफे और अन्य आतिथ्य स्थल • जिम, स्वास्थ्य क्लब, फिटनेस या वेलनेस केंद्र • योग, बार, पायलेट्स और स्पिन सुविधाएँ • बूट कैंप और व्यक्तिगत प्रशिक्षक • नीलामी गृह • अचल संपत्ति की नीलामियाँ, प्रदर्शन घर और घर देखने के लिए निरीक्षण • अंतिम संस्कार और विवाह समारोह • नाखून सैलून, ब्यूटी थेरेपी, टैनिंग और वैक्सिंग सेवाएँ • टैटू और शरीर संशोधन पार्लर; तथा • डे स्पा और गैर-चिकित्सीय मालिश सेवाएँ।
If you receive the information, you should also record the date and time the person attended the business or undertaking. This is also needed for contact tracing.	यदि आपको जानकारी प्रदान की जाती है, तो आपको उस व्यक्ति के व्यवसाय या उपक्रम में उपस्थित होने की तिथि और समय को भी रिकॉर्ड करना चाहिए। यह सूचना भी संपर्क अनुरेखण के लिए आवश्यक है।

You are not required to verify this information or ask for identification. Patrons and attendees can decline to provide you with this information. If they do decline, you cannot refuse them service or entry on that basis.	आपको इस जानकारी को सत्यापित करने या पहचान-पत्र दिखाने के लिए पूछने की आवश्यकता नहीं है। सेवार्थी और उपस्थितगण आपको यह जानकारी प्रदान करने से मना कर सकते हैं। यदि वे मना करते हैं, तो इस आधार पर आप उन्हें सेवा प्रदान करने या प्रवेश से मना नहीं कर सकते/सकती हैं।
The purpose of collecting personal information	**व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने का उद्देश्य**
You need to collect this information to help authorities in tracing infections of COVID-19 if they occur.	COVID-19 के संक्रमण होने की स्थिति उत्पन्न होने पर संक्रमणों का अनुरेखण करने में अधिकारियों की सहायता के लिए आपको यह जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है।
In many cases businesses will already be collecting this information for bookings or memberships. It is important to let customers know that their personal information may also be used for contact tracing if requested by health authorities	कई मामलों में व्यवसाय पहले से ही बुकिंग या सदस्यता के लिए इस जानकारी को एकत्र कर रहे हैं। ग्राहकों को यह बताना महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा निवेदन किए जाने पर संपर्क अनुरेखण के लिए उनकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग किया जा सकता है।
How to protect customer privacy	**ग्राहक गोपनीयता का संरक्षण कैसे करें**
To comply with privacy laws and good privacy practice:	गोपनीयता कानूनों और अच्छी गोपनीयता-कार्यप्रथा का पालन करने के लिए:
1. You should let people know before you collect the information for contact tracing.	1. संपर्क अनुरेखण के उद्देश्य से जानकारी एकत्र करने से पहले आपको लोगों को बताना चाहिए।
You should tell the customer what information you are collecting, how you will use it and how and when you will destroy it. You can do this by putting up a notice at your business and on your website that explains the information when you talk to your customer or client. Some examples are provided later in this document.	आपको ग्राहक को बताना चाहिए कि आप क्या जानकारी एकत्र कर रहे हैं, आप इसका उपयोग कैसे करेंगे/करेंगी और आप कैसे और कब इसे नष्ट करेंगे/करेंगी। अपने ग्राहक या सेवार्थी के साथ बात करते समय यह सब समझाने के लिए आप अपने व्यवसाय में और अपनी वेबसाइट पर एक सूचना प्रदर्शित कर सकते/सकती हैं। इसके कुछ उदाहरण दस्तावेज के अंत में दिए गए हैं।
2. You should securely store this information once you have collected it.	2. इस जानकारी को एकत्र करने के बाद आपको यह जानकारी सुरक्षित रूप से संग्रहीत करनी चाहिए।
You should take steps to make sure that the information is kept securely and that it is not accessed by people who aren’t authorised to have the information.	आपको यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि जानकारी सुरक्षित रूप से रखी जाएगी और यह ऐसे लोगों को सुलभ नही होगी जिनके पास इस जानकारी की सुगमता का अधिकार नहीं है।

3. You should only provide this information to relevant health authorities where requested.	3. आपको निवेदन किए जाने पर इस जानकारी को केवल संबंधित स्वास्थ्य प्राधिकारियों को ही प्रदान करना चाहिए।
Contact tracing is only done by health authorities, and you should only disclose the information to health authorities when they request it for contact tracing purposes.	संपर्क अनुरेखण केवल स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा ही किया जाता है, और आपको स्वास्थ्य प्राधिकारियों के सामने इस जानकारी का खुलासा केवल तभी करना चाहिए जब वे संपर्क अनुरेखण के उद्देश्यों से इसका निवेदन करें।
4. You should not disclose the information to anyone else. This means you should not give this information to other entities unless the customer has agreed to this sharing, or you are required to by law.	4. आपको किसी अन्य के सामने इस जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए। इसका अर्थ है कि आपको यह जानकारी अन्य संस्थाओं को नहीं देनी चाहिए, जब तक कि ग्राहक इसे साझा करने के लिए सहमत न हो, या जब तक कानूनी रूप से आपके लिए ऐसा करना आवश्यक न हो।
5. You should destroy this information after 28 days.	5. आपको 28 दिनों के बाद इस जानकारी को नष्ट कर देना चाहिए।
You should destroy the information after 28 days. Delete all electronic files. If a paper copy of the information is kept it should be destroyed securely – eg. by shredding. Don't put it in a rubbish bin or recycling bin.	आपको 28 दिनों के बाद जानकारी को नष्ट कर देना चाहिए। सभी इलेक्ट्रॉनिक फाइलों को डिलीट कर दें। यदि कागजी प्रारूप में जानकारी की प्रति रखी गई है, तो इसे सुरक्षित रूप से नष्ट कर देना चाहिए – जैसे, कतरन करके। इसे अपशिष्ट बिन या पुनर्चक्रण बिन में न फेंकें।
6. You should still comply with any other legal record keeping obligation that you might have.	6. आपको अभी भी अन्य आवश्यक कानूनी रिकॉर्ड अनिवार्यताओं का पालन करना चाहिए।
Where can I get more information?	**मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?**
The Office of the Australian Information Commissioner can provide more information about privacy obligations: www.OAIC.gov.au. For the latest information about the COVID-19 emergency in the ACT, please go to https://www.covid19.act.gov.au	Office of the Australian Information Commissioner गोपनीयता दायित्वों के बारे में और अधिक जानकारी प्रदान कर सकता है: www.OAIC.gov.au। ACT में COVID-19 आपातकाल के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.covid19.act.gov.au पर जाएँ।
Sample notices	**नमूना सूचनाएँ**
Below are some examples of notices you could use to inform your customer.	नीचे सूचनाओं के कुछ उदाहरण दिए गए हैं, जिनका उपयोग आप अपने ग्राहक को सूचित करने के लिए कर सकते/सकती हैं।

Information requested for COVID-19 Contact tracing	**COVID-19 संपर्क अनुरेखण के लिए जानकारी का निवेदन**
The ACT Public Health Emergency Directions require us to request your first name and phone number to allow for contact tracing, in case a client or staff member tests positive for COVID-19. This is to protect your health and safety and others in our community.	किसी सेवार्थी या कर्मचारी की COVID-19 जाँच सकारात्मक निकलने की स्थिति में संपर्क अनुरेखण के लिए ACT Public Health Emergency Directions के तहत हमारे लिए आपका प्रथम नाम और फोन नंबर पूछना आवश्यक है। यह आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा हमारे समुदाय के अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए है।
We will only disclose your information to health authorities if they request us to do so following a positive COVID-19 test.	हम स्वास्थ्य प्राधिकारियों को आपकी जानकारी केवल तभी देंगे, जब वे COVID-19 जाँच का सकारात्मक परिणाम निकलने के बाद हमसे जानकारी उपलब्ध कराने का निवेदन करेंगे।
We will store your personal information securely and destroy it when no longer needed.	हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षापूर्वक संग्रहीत करेंगे और जब इसकी आवश्यकता नहीं होगी, तो इसे नष्ट कर देंगे।
Or (where this information is already being collected for other purposes)	**अथवा (यदि पहले से ही इस जानकारी को अन्य उद्देश्यों के लिए एकत्र किया जा रहा है)**
The ACT Public Health Emergency Directions require us to request your first name and phone number to allow for contact tracing, in case a client or staff member tests positive for COVID-19. This is to protect your health and safety and others in our community.	किसी सेवार्थी या कर्मचारी की COVID-19 जाँच सकारात्मक निकलने की स्थिति में संपर्क अनुरेखण के लिए ACT Public Health Emergency Directions के तहत हमारे लिए आपका प्रथम नाम और फोन नंबर पूछना आवश्यक है। यह आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा हमारे समुदाय के अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए है।
Please be aware that this personal information you provide to us for booking or other purposes may be used for contact tracing if required by health authorities.	कृपया ध्यान रखें कि बुकिंग या अन्य उद्देश्यों के लिए आप जो व्यक्तिगत जानकारी हमें प्रदान करते/करती हैं, उसका प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा संपर्क अनुरेखण के लिए किया जा सकता है।
We will not disclose this information to anyone other than health authorities if they request this information, or unless you have otherwise agreed. The information will be stored securely and disposed of securely when no longer required.	यदि स्वास्थ्य प्राधिकारी इस जानकारी को उपलब्ध कराने के लिए हमसे निवेदन न करें, या जब तक आप अन्यथा सहमति न दें, तब तक हम इस जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे। इस जानकारी को सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा और जब इसकी आवश्यकता नहीं होगी, तो इसे नष्ट कर दिया जाएगा।